# ये मेरी कश्ती तेरे हवाले पतवार तेरे हाथ बाबोसा भजन

ये मेरी कश्ती तेरे हवाले,
पतवार तेरे हाथ बाबोसा,
तूफान में भी डूबे न नैया,
है मुझको तुझपे इतना भरोसा।bd।

तर्ज – जिहाले मस्कीं।

---

वो आके दिल में है ऐसे बैठे,
के मेरा जीवन बदल गया है,
बाबोसा नाम जपे जो कोई,
उसका जीवन संवर गया है।bd।

---

तुफा में भी नाव चल रही है,
तू माझी बनके चला रहा है,
मिलेगी मंजिल जरूर मुझको,
खुद रास्ता तू दिखा रहा है।bd।

---

भरोसा मेरा न टूट जाये,
मेरा नसीब न रूठ जाये,
तुझपे ही ठहरी उम्मीदें मेरी,
अब मेरा हौसला तू ही बढ़ाये।bd।

---

जिसने लिया है नाम तुम्हारा,
तुमने दिया है उसको सहारा,
जिसपे भी डाली तुमने नजर ये,
जीवन में वो कभी हिम्मत न हारा।bd।

---

बाबोसा बस तेरी ही कृपा से,
काम मेरा चल रहा है,
तेरी दुआ का असर है 'दिलबर',
के नाम मेरा चल रहा है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ये मेरी कश्ती तेरे हवाले,
पतवार तेरे हाथ बाबोसा,
तूफान में भी डूबे न नैया,
है मुझको तुझपे इतना भरोसा।bd।

गायिका – दिव्या वर्मा मुम्बई।
रचनाकार – दिलीप सिंह सिसोदिया ‘दिलबर’।
नागदा जक्शन म.प्र. 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com